# डीएफओ को सड़क पर बैठाकर दिया ज्ञापन

## अवैध लकड़ी कटाई के खिलाफ हिंदू जागरण मंच ने किया घेराव

नवभारत

**शाजापुर, 13 दिसंबर. शाजापुर शहर में अवैध तरीके से लकड़ियों की कटाई चल रही है, जिसका परिवहन भी अवैध तरीके से किया जा रहा है.**

इस मामले को नवभारत द्वारा मुहिम के तौर पर लगातार प्रकाशित किया जा रहा है. खबर प्रकाशन के बाद हिंदू जागरण मंच और पर्यावरण प्रेमियों ने वन विभाग का घेराव किया और डीएफओ को सड़क पर बैठाकर कार्यवाही करने के लिए ज्ञापन सौंपा. गौरतलब है कि शाजापुर शहर में लगातार अवैध रूप से लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है. वन विभाग द्वारा कार्यवाही न करने पर हिंदू जागरण मंच ने आज वन विभाग का घेराव किया और डीएफओ के नहीं आने पर शहरी हाईवे को जाम किया. इसके बाद डीएफओ आई, जिन्हें सड़क पर बैठाकर ही ज्ञापन सौंपा. इस संबंध में हिंदू जागरण के अनूप किरकिरे ने कहा कि यदि अवैध लकड़ी कटाई पर रोक नहीं लगी, तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा.



### किसी भी स्थिति में अवैध परिवहन बर्दाश्त नहीं

हिंदू जागरण मंच के अनूप किरकिरे ने कहा कि एक तरफ हम पर्यावरण को बचाने के लिए पौधे लगा रहे हैं. दूसरी तरफ लकड़ी माफिया पेड़ों की कटाई कर रहे हैं. शाजापुर का पर्यावरण हर हाल में बचाना होगा. वन विभाग की सांठगांठ से शहर में आरा मशीनों पर खुलेआम अवैध लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है. किरकिरे ने कहा कि शहर में अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ वन विभाग और पुलिस कोई ठोस कार्यवाही नहीं करती है, तो हिंदू जागरण मंच उग्र आंदोलन करेगा. वन विभाग पहुंचे हिंदू जागरण मंच के सैकड़ों कार्यकर्ता जब ज्ञापन देने के लिए उठे, तो मौके पर डीएफओ ने आने से मना कर दिया. इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने वन विभाग के सामने ही हाईवे पर बैठकर जमकर नारेबाजी की. इसके बाद डीएफओ मौके पर आई और उन्हें सड़क पर बैठाकर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्यवाही की मांग की. हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि सात दिन में कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो आंदोलन का जिम्मेदार वन विभाग होगा. बस स्टैंड से सैकड़ों की संख्या में सर्व हिंदू समाज के लोगों ने मोटर साइकिल से रैली निकाली और वन विभाग पहुंचे, जहां उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही कीलिए सद्बुद्धि आए, इसके लिए सुंदरकांड किया और ज्ञापन सौंपा. वहीं दूसरी ओर शहर में अवैध गतिविधियों को लेकर भी पुलिस को एक ज्ञापन सौंपा.

## बकायादारों को जारी होगी कुर्की वारंट

**रीवा.** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक ली. उन्होंने 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तैयारियों की जानकारी ली तथा जोनवार डिमांड, नोटिस वितरण और वसूली प्रगति पर विस्तृत चर्चा की. टारगेट अनुरूप डिमांड न बंटने पर उन्होंने कड़ी फटकार लगाई उन्होंने कहा कि विगत माह में वसूली का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कम रहा है, जिसे लोक अदालत में अधिक से अधिक वसूली कर कवर किया जाए. साथ ही का जिन क्षेत्रों में बकाया राशि अधिक है, वहां अलग से वसूली दल बनाकर तेजी से प्रगति दर्ज कराएं. निगम आयुक्त ने कहा जिन बकायादारों द्वारा बकाया जमा नहीं किया जाता एवं जिनके कुर्की वारंट जारी हैं, उनकी चल संपत्ति का मैपिंग कर जब्ती कार्रवाई की जाए.



## मतदान केंद्र स्तर के प्रतिनिधियों को प्रक्रिया के बारे में बताते रहें

### जिला कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा

**दमोह,13 दिसंबर. सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में आ जाएं शुद्ध सूची बन जाए, इस कार्य में राजनीतिक दलों की महत्वपूर्ण भूमिका है, आप अपने मतदान केंद्र स्तर के प्रतिनिधियों को प्रक्रिया के बारे में बताते रहे, कोई परेशानी समस्या आने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को बताएं.**

इस आशय की बात संभागायुक्त अनिल सुचारी ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की समीक्षा के दौरान राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए कही. इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर, अपर कलेक्टर मीना मसराम विशेष रूप से मौजूद रहे. संभागायुक्त सुचारी ने कहा जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याएं दूर करने के लिए टीमें बनाई गई है, जो लगातार काम कर रही है लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया जा रहा है. उन्होंने कहा यदि किसी मतदाता का सूची में नाम नहीं है, इस दौरान अपना नाम जुड़वा सकते है. संभागायुक्त ने कहा हर सप्ताह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आप लोगों के साथ बैठक कर रहे हैं इससे कार्य में कोई परेशानी नहीं आयेगी.

संभागायुक्त सुचारी ने एएसडीआर सूची प्राप्त दलों से जानकारी ली, सभी ने अवगत कराया की सूची मिली है, जानकारी साप्ताहिक मिलने की बात भी बताई. उन्होंने कहा कोई समस्या हो तो बताएं त्वरित उसका निराकरण सुनिश्चित कराया जाएगा. उन्होंने कहा फॉर्म नंबर 6 और फॉर्म नंबर 8 कोई जमा करना चाहता है, तो किया जा सकता है. यह भी कहा आपको कोई बात हो या कोई सुझाव हो तो आप दे सकते हैं. इसके पूर्व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने एस.आई.आर. प्रथम चरण गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन कुल मतदाताओं की संख्या, डिजिटाइजेशन, एस.आई.आर. में मतदाताओं की श्रेणी की जानकारी विधानसभा वार विस्तार से प्रस्तुत की. उन्होंने निर्देशित गतिविधियों एवं उनके कार्य प्रगति से भी अवगत कराया.

## 700 करोड़ से अधिक की लागत से बनेगा न्यू एमवाय हॉस्पिटल

**इंदौर, 13 दिसंबर. स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती देने की दिशा में इंदौर को बड़ी सौगात मिलने जा रही है.**

एमवाय हॉस्पिटल परिसर में प्रस्तावित न्यू एमवाय हॉस्पिटल का भूमिपूजन रविवार को मुख्यमंत्री द्वारा किया. इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत 1450 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक अस्पताल तैयार किया जाएगा, जिस पर 700 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आने का अनुमान है. एमवाय हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. अशोक यादव ने बताया कि नया अस्पताल आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस होगा और इसके निर्माण में करीब तीन वर्ष का समय लगेगा. मेडिकल प्रशासन का कहना है कि यह प्रोजेक्ट इंदौर सहित आसपास के जिलों के मरीजों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव लाएगा. हालांकि अस्पताल के निर्माण से पहले प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती खड़ी है. न्यू एमवाय हॉस्पिटल के लिए चिन्हित 8 एकड़ भूमि पर 12 से अधिक अतिक्रमण और अवैध कब्जे हटाने होंगे.




## श्रृद्धा आस्था को लेकर पैदल चले हरिद्वार

**बडवानी.** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित अखंड दीपक, माताजी जन्म शताब्दी कार्यक्रम को लेकर परिजनों में उत्साह और उमंग की लहरे उठ रही हैं. आदिवासी अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में हरिद्वार में आदिवासी सम्मेलन आयोजन में बढ़-चढ़ कर भागीदारी करने का मन बना है. गायत्री शक्ति पीठ साली टांडा से समर्पण यात्रा में ज्ञान रथ को साथ लेकर पैदल यात्रा कर रहे सीताराम सोलंकी एवं लालू ने कहा कि यह मात्र यात्रा नही ' मेरे जीवन को बदलने वाले संत डेमनिया बाबा के प्रति समर्पण और गुरुदेव, वंदनीय माताजी की आस्था को साथ में लेकर श्रृद्धा के साथ हरिद्वार तक पैदल जा रहा हूं.

## एक दिन के लिए हमें महापौर बना दो!

### प्रशासनिक ढलाई पर कांग्रेस ने कहा

**इंदौर,13 दिसंबर. शहर में नगर निगम की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक ढिलाई और अफसरों की जवाबदेही को लेकर सियासी पारा गरमा गया है.**

विपक्षी संगठन ने निगम के मौजूदा हालात को कटघरे में खड़ा करते हुए प्रतीकात्मक लेकिन तीखी मांग सामने रखी है, जिससे शहर के प्रशासनिक मॉडल पर बहस छिड़ गई है. जिला कांग्रेस सेवादल ने नगर निगम में अधिकारियों की अनुपस्थिति, बैठकों में देरी और जमीनी कामकाज ठप होने का हवाला देते हुए महापौर से एक दिन के लिए जिम्मेदारी सौंपने की मांग की है. संगठन का कहना है कि यदि वास्तव में सिस्टम सक्रिय है, तो यह प्रयोग यह साबित कर देगा कि निगम के अधिकारी निर्वाचित प्रतिनिधियों के निर्देशों का पालन करने की स्थिति में हैं या नहीं. जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने हाल ही में महापौर द्वारा बुलाई गई बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि अधिकारियों की गैरहाजिरी और महापौर को डेढ़ घंटे तक इंतजार कराए जाने की घटना तथाकथित इंदौर मॉडल की असल तस्वीर दिखाती है.

सेवादल नेताओं का कहना है कि शहर की सड़कों की हालत बदहाल है, ड्रेनेज व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है और पहली बारिश में ही हालात बेकाबू हो जाते हैं. कई विकास योजनाएं केवल फीताकाट, बोर्ड और प्रचार तक सीमित रह गई हैं. तंज कसते हुए नेताओं ने कहा कि कुछ सड़कों को अब निर्माणाधीन नहीं बल्कि अनंतकालीन परियोजना कहा जाना चाहिए. स्पष्ट किया गया है कि यदि एक दिन के लिए जिम्मेदारी दी जाती है तो सभी निगम अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी.

### एक नजर में



## दो वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए

**मंदसौर, 13 दिसंबर.** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सुशासन भवन सभागार में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक एवं प्रेस वार्ता आयोजित की गई. इस अवसर पर राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मंदसौर जिले में हुए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई तथा दो वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया. प्रभारी मंत्री भूरिया ने कहा कि विगत दो वर्षों में मंदसौर जिले में धार्मिक, पर्यटन, कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं नगरीय विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है. पशुपतिनाथ लोक निर्माण, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, सिंहस्थ 2028 की तैयारियां, जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजनाएं तथा गांधीसागर जल विद्युत गृह के नवीनीकरण जैसे कार्य जिले की प्रमुख उपलब्धियां हैं. उन्होंने बताया कि भावांतर भुगतान योजना के तहत 8,803 किसानों को 10.20 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है, वहीं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनाओं से लाखों किसान लाभान्वित हुए हैं. औद्योगिक विकास के लिए नए औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार किया गया तथा कृषि उद्योग समागम से निवेश और रोजगार के अवसर बढ़े हैं.

## मां ने सियार के जबड़े से मासूम को बचाया

**पन्ना, नवभारत न्यूज.** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के गुनौर थाना क्षेत्र अंतर्गत घाट सिमरिया गांव में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहाँ एक जंगली सियार ने घर में सो रहे तीन माह के मासूम बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे की मां की बहादुरी और सूझबूझ ने सियार के मंसूबों पर पानी फेर दिया और अपने बेटे को मौत के मुंह से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बच्चे के सिर पर हमले से घाव हो गया है। यह घटना 12 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे हुई। गुलजान, पुत्र अफ्तार खान, उम्र लगभग 3 माह, अपने घर में सो रहा था, तभी एक जंगली सियार घर में घुस आया और मासूम पर हमला कर दिया। सियार ने बच्चे को अपने जबड़े में दबोच लिया। बच्चे की चीख सुनकर उसकी मां मौके पर पहुंची। अपने बच्चे को सियार के जबड़े में देखकर मां के होश उड़ गए, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। वह तुरंत एक बर्तन लेकर सियार पर टूट पड़ी और उस पर वार करने लगी। मां के इस आक्रामक प्रतिरोध से सियार घबरा गया और बच्चे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। मां करीब 2-3 मिनट तक सियार से जूझती रही और अंतत: अपने बच्चे को बचा लिया। बच्चे का इलाज जिला अस्पताल में इलाज जारी है.

## दिल्ली में मध्य प्रदेश भवन की प्रदर्शनी में चमका चिन्नौर चावल

**बालाघाट,13 दिसंबर.नई दिल्ली स्थित मध्य प्रदेश भवन में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित विशेष प्रदर्शनी में बालाघाट जिले का प्रसिद्ध चिन्नौर चावल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है.**

'एक जिला-एक उत्पाद' में शामिल चिन्नौर को इस प्रदर्शनी में प्रदर्शन सह बिक्री हेतु रखा गया है, जहां इसकी खुशबू और विशेष गुणों ने आगंतुकों का ध्यान खींचा. बालाघाट सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद भारती पारधी ने 12 दिसंबर को प्रदर्शनी का अवलोकन किया और चिन्नौर चावल की गुणवत्ता एवं उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली. उन्होंने इसकी बढ़ती लोकप्रियता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों के लिए सुखद संकेत बताया. प्रदर्शनी में पहुँचे अन्य गणमान्य अतिथियों एवं आगंतुकों ने भी चिन्नौर चावल में गहरी रुचि दिखाई. लोगों ने इसकी खुशबू, महीन दाने, उत्कृष्ट स्वाद तथा पारंपरिक उत्पादन पद्धति की सराहना की.




## क्षेत्र के समग्र विकास में कसर नहीं छोड़ी जाएगी : विधायक

**ग्वालियर, 13 दिसंबर.** कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने वार्ड क्रमांक 27 के अंतर्गत आने वाले रामनगर मुरार में सी.सी. सड़क निर्माण एवं सामुदायिक भवन निर्माण के लिये भूमिपूजन किया. यह सी.सी. सड़क एवं सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य करीब 62 लाख रूपये से कराया जायेगा. इस अवसर पर विधायक डॉ. सिकरवार ने लोगों की अन्य समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए. भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि कांग्रेस की नीति ही जनता का विकास है.

## एमपीएसईबी भर्ती परीक्षा के सवाल कटघरे पर

### हाईकोर्ट की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक, जांच के निर्देश

**जबलपुर, 13 दिसंबर. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व एमपीएसईबी की उत्तराधिकारी कंपनियों में क्लास-3 और क्लास-4 पदों की भर्ती परीक्षा में सवाल नंबर 16 और 25 के गलत अंकन को लेकर दायर याचिकाओं पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है.**

जस्टिस दीपक खोत की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा आयोजक को याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों का विशेषज्ञों के माध्यम से पुन- परीक्षण कराये और यदि आपत्तियां सही पाई जाती है तो अंक प्रदान कर संशोधित मैरिट लिस्ट जारी की जाये, तब तक के लिये न्यायालय चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है. हाईकोर्ट में यह मामले अर्पित साहू, संतोष कुमार मिश्रा, सौरभ गुरु, विभोर त्रिपाठी और आकाश पांडे की ओर से दायर किये गये थे. जिनकी ओर से अधिवक्ता हितेन्द्र गोल्हानी ने पक्ष रखा.



### परिपालन रिपोर्ट पेश नहीं होने पर उपस्थित रहें निगमायुक्त

सिंधी धर्मशाला में अवैध निर्माण किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी. हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अवैध निर्माण तोड़ने के संबंध में परिपालन रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किये है. एकलपीठ ने कहा अगली सुनवाई में परिपालन रिपोर्ट पेश नहीं की गयी तो निगमायुक्त व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे. नेपियर टाउन निवासी जितेन्द्र मखीजा की दायर याचिका में कहा था कि घंटाघर स्थित सिंधी धर्मशाला में अवैध निर्माण किया गया है.

## पुलिस ने किया 20 लाख रुपए का जुर्माना

### एक्शन - 5863 ट्रैफिक उल्लंघनकर्ताओं पर सख्ती

**जबलपुर, 13 दिसंबर. सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए जबलपुर पुलिस ने 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया.**

इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वाले कुल 5863 वाहन चालकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए 20 लाख 44 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया. अभियान 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक चला. इसमें दोपहिया वाहन चालकों द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाना, बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना और एचएसआरपी नंबर प्लेट न होना जैसी लापरवाही शामिल थी. पुलिस ने उल्लंघन करने वाले चालकों को समन जारी कर कड़ी कार्रवाई की. पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने शहरवासियों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें. उन्होंने कहा, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें, वाहन बीमा और अन्य वैध दस्तावेज सुनिश्चित करें. सड़क पर नियमों का पालन करना नितांत आवश्यक है.

उपाध्याय ने यह भी बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था. अभियान के दौरान चालकों को समझाइश भी दी गई.



## सरकार का लक्ष्य हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना करना है

**आलीराजपुर,13 दिसंबर.** वर्तमान मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उईके की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री उईके ने मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी. उन्होंने विशेष रूप से आलीराजपुर जिले में बीते दो वर्षों के दौरान किए गए कार्यों का विस्तार से वाचन किया. उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में जिले के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा.

## कारों के कांच फोड़कर दहशत फैलाने वाला बदमाश गिरफ्तार

### जहां फैलाई थी दहशत वहीं पुलिस ने निकाला जुलूस

**इंदौर, 13 दिसंबर. रिहायशी इलाके में खड़ी कारों के कांच फोड़कर दहशत फैलाने के मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.**

वारदात के बाद आक्रोशित रहवासियों की शिकायत और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को दबोचा और इलाके में उसका जुलूस भी निकाला. थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि सूर्यदेव नगर क्षेत्र में सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने पत्थरबाजी कर कई कारों के कांच फोड़ दिए थे. इस दौरान कुछ दोपहिया वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया. अचानक हुई इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था. सूचना मिलते ही रहवासी बड़ी संख्या में थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई. मामले की जांच में पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें एक आरोपी की पहचान रोहित नाडेला निवासी कुंदन नगर के रूप में हुई. पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी का इलाके में जुलूस निकाला और उससे उठक बैठक भी लगवाई. इस दौरान आरोपी ने सार्वजनिक रूप से भविष्य में कोई गलती नहीं करने की बात कही.

### मुलाकात — प्रभारी मंत्री सिलावट व्यापारियों से मिले दिया हरसंभव सहयोग का किया वादा

## मेला में टैक्स छूट अविलंब घोषित हो, प्राधिकरण बोर्ड भी बने

**ग्वालियर, 13 दिसंबर. ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आज अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया, सचिव महेश मुदगल एवं संयुक्त अध्यक्ष, प्रवक्ता अनिल पुनियानी के नेतृत्व में जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट से मुरार वीवीआईपी सर्किट हाउस में भेंटकर उन्हें ज्ञापन पत्र भेंट किया.**

मांग की कि ग्वालियर मेला के ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए टैक्स छूट की अधिसूचना तत्काल जारी की जाए एवं मेला प्राधिकरण बोर्ड का अविलंब गठन किया जाए ताकि ग्वालियर व्यापार मेला में दुकानदार बंधु निश्चिंत भाव से उत्साह के साथ अपनी दुकानों, शोरूमों की तैयारियों को गति दे सकें और वर्ष 2025-26 का मेला आयोजन सुचारु रूप से अपनी एक सदी की गरिमा के साथ आयोजित हो सके. प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट से मुलाकात कर मेला व्यापारियों द्वारा ज्ञापन पत्र भेंट करते समय भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य आशीष प्रताप सिंह राठौड़ विशेष रूप से उपस्थित थे. प्रतिनिधिमंडल में महेन्द्र भदकारिया, महेश मुदगल एवं अनिल पुनियानी सहित उमेश उप्पल संयोजक, जगदीश उपाध्याय सह अध्यक्ष, अनुज गुर्जर काय.'अध्यक्ष, चंदन सिंह बैंस, सुरेश हिरयानी, विजय कब्जू आदि पदाधिकारी एवं व्यापारीगण शामिल थे. मेला व्यापारियों के इस शिष्टमंडल ने प्रभारी मंत्री श्री सिलावट से अनुरोध किया कि विगत वर्षों का यह प्रतिकूल अनुभव रहा है कि ऑटोमोबाइल सेक्टर में टैक्स छूट की अधिसूचना में विलंब होने से मेला की तैयारियां बाधित एवं विलंबित होती हैं, ऑटोमोबाइल कारोबारी असमंजश में रहते हैं. कई बार तो यह हुआ है कि मेला प्रारंभ होने के कई दिनों बाद 15 जनवरी तक टैक्स छूट की घोषणा हुई है, इस तरह की त्रुटि इस बार न बरती जाए. प्राथमिकता यह रहे कि मेला की शुभारंभ तिथि 25 दिसंबर तक टैक्स छूट सहित अन्य सभी औपचारिकताएं एवं तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं. विगत छह साल से मेला प्राधिकरण का गठन भी नहीं हुआ है.



ज्ञापन पत्र में यह भी कहा गया है कि मेला की तैयारियों पर होने वाले भारी व्यय की तुलना में मेला प्राधिकरण की आय के स्रोत सीमित हैं इसलिए ग्वालियर मेला के लिए राज्य शासन विशेष पैकेज स्वीकृत करे. यह भी मांग की गई कि मेला में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मप्र शासन के संस्कृति विभाग के वार्षिक सांस्कृतिक कैलेंडर में शामिल किया जाए.

## इंदौर की स्वच्छता देखने जाएंगे अफसर

### हाईकोर्ट की फटकार के बाद लिया निर्णय

**ग्वालियर, 13 दिसंबर. हाईकोर्ट ने ग्वालियर नगर निगम के अफसरों द्वारा शहर की बदहाल सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए उससे इंदौर की स्वछता व्यवस्था देखने का निर्देश दिया है.**

इसके बाद ग्वालियर नगर निगम का चार सदस्यीय दल इंदौर की सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन का निरीक्षण करने जा रहा है. इस दल में अपर आयुक्त, उपायुक्त सहित स्वच्छता विभाग के अधिकारी शामिल होंगे. उच्च न्यायालय ने शहर की गंदगी को लेकर चल रही जनहित याचिका में सख्ती बरती थी. न्यायालय के निर्देश पर इंदौर नगर निगम की एक टीम ने ग्वालियर का दौरा कर यहां की सफाई व्यवस्था में कमियां गिनाई थीं.यह जनहित याचिका सरताज सिंह तोमर बनाम मध्यप्रदेश शासन के तहत उच्च न्यायालय खंडपीठ में चल रही है. न्यायालय ने इसमें शहर की सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की थी.




याचिका मूल रूप से स्वर्ण रेखा नदी की सफाई से शुरू हुई थी. हालांकि, जब न्यायालय ने नदी में गंदगी के स्रोत के बारे में पूछा, तो यह सामने आया कि केदारपुर लैंडफिल साइट का कचरा बारिश के पानी के साथ बहकर नदी तक पहुंच रहा था. इसके बाद जनहित याचिका का दायरा नदी की सफाई के साथ-साथ कचरा प्रबंधन और संपूर्ण शहर की सफाई व्यवस्था तक बढ़ा दिया गया. ग्वालियर का दल अब इंदौर में इन सभी व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगा. इंदौर से आई स्वच्छता के एक्सपर्ट ने ग्वालियर में सफाई व्यवस्था में कमियां गिनाई थी.